कोटद्वार, रविवार
17 अगस्त 2025
वर्ष: 47
अंक: 105 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पत्थर गिरने से महाराष्ट्र के यात्री की मौत

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ पैदल मार्ग पर केदारनाथ जाते हुए महाराष्ट्र के एक यात्री की पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण मौत हो गई है। वाईएमएफ के जवानों द्वारा स्ट्रेक्चर की मदद से मृतक के शव को गौरीकुंड पहुंचाया गया जहां से पोस्टमार्टम के लिए शव जिला अस्पताल भेज दिया गया। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शनिवार को सुबह 10:23 पर गौरीकुंड से 2 किमी. आगे छौड़ी में पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण जीएन 68 आरएच नं 41बी वडगांव कोठाटी औरंगाबाद महाराष्ट्र निवासी परमेश्वर भीमरो खाईवाल की मौत हो गई। उक्त मृतक को वाईएमएफ के जवानों द्वारा गौरीकुंड पहुंचाया गया, जहां से पीएम के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। (एजेंसी)

### श्रीनगर में मिला डेंगू का मरीज, स्वास्थ्य विभाग सर्तक

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र श्रीनगर में बीते गुरुवार को एसएसबी के एक जवान में डेंगू की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी के निर्देश पर शनिवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम नैथानी ने उपजिला संयुक्त अस्पताल में आपात बैठक बुलाई। बैठक में आशा, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. नैथानी ने सभी आशाओं और एएनएम को घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन करने और लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने को कहा। साथ ही बुखार के हर मरीज की डेंगू जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए। अस्पताल की लैब व ब्लड बैंक को प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, पैक सेल और होल ब्लड हर समय उपलब्ध रखने के लिए कहा गया है। डॉ. नैथानी ने बताया कि डेंगू पॉजिटिव जवान को बेस अस्पताल में भर्ती किया गया था और वह शनिवार को स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो गया। डेंगू प्रभावित क्षेत्र की जानकारी नगर निगम को भी भेज दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने नगर वासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी व मॉस्किटो रिपेलेंट का उपयोग करें और पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें। बैठक में मलेरिया अधिकारी इंद्रपाल सिंह, डॉ. शुभम, डॉ. दीक्षा, नर्सिंग ऑफिसर प्रवेश पैन्यूली व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर छात्र से 90 हजार रुपये ठगे

विकासनगर। साइबर ठगों ने ऑललाइन जॉब और मुनाफे का लालच देकर एक छात्रा से 90 हजार से अधिक रुपये ठग लिए। साइबर ठगों ने ऑनलाइन टास्क करवाकर पहले उसके अकाउंट में कुछ पैसे डाले। जिससे छात्र झांसे में आ गया और मुनाफे के फेर में धोखाधड़ी का शिकार हो गया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि अभिषेक सिंह राणा पुत्र अर्जुन सिंह राणा निवासी न्यू ब्वॉयज रेसीडेंसी हॉस्टल डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने तहरीर दी है। बताया कि उसके व्हॉट्सऐप नंबर पर अज्ञात मैसेज आया। जिसमें जानकारी दी गई कि उनके पास आईआईएफएल फाइनेंस एपन होल्डिंग कंपनी की फ्रेंचाइजी है। वह रेस्टोरेन्ट को फाइव स्टार रेटिंग तथा रिव्यू देने तथा इन्वेस्टमेंट और ट्रेडिंग का कार्य करते हैं। इसके लिए उन्होंने उसे ऑनलाइन जॉब आफर किया। जिसके के लिए वह तैयार हो गया। पीड़ित के मुताबिक इसके बाद उसे एक टेलीग्राम लिंक से जोड़ा गया। इस लिंक पर कुछ ऑनलाइन टास्क करवाए तथा उसके खाते में कुछ पैसे भेजे गए। इसके बाद अगले दिन फिर उससे उसी टेलीग्राम लिंक पर ऑनलाइन टास्क करवाए गए। जिसके बाद कंपनी का कर्मचारी बनने के लिए उससे एक हजार रुपये जमा करवाए। पैसे जमा करवाने के बाद उसे फिर दूसरे लिंक से जोड़ा गया। जिस पर कुछ ऐसी स्कीमों की जानकारी थी, जिसमें कम इन्वेस्टमेंट में भारी मुनाफा था। इसके बाद उसके खाते का विवरण लेकर उसके खाते में 1300 रुपये का कमीशन दिया गया। बताया कि इसके बाद उससे साइबर ठगों की ओर से लगातार नए लिंक और कोड दिए गए।

# मुख्यमंत्री ने किया पुलिस कर्मियों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में राज्य के मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया एवं फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक अजय प्रकाश अंशुमान को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया। सेवा के आधार पर मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से श्वेता चौबे, सेनानायक आईआरबी द्वितीय देहरादून, योगेश चन्द्र पुलिस उपाधीक्षक, विपिन चन्द्र पाठक, निरीक्षक नागरिक पुलिस, नरेन्द्र सिंह बिष्ट, निरीक्षक नागरिक पुलिस, राकेश चन्द्र भट्ट, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, अजय प्रकाश सेमवाल, लीडिंग फायरमैन और सुनीत कुमार, मुख्य आरक्षी को सम्मानित किया गया। विशिष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से शेखर चन्द्र सुयाल , अपर पुलिस अधीक्षक, राजेन्द्र सिंह खोलिया, निरीक्षक नागरिक पुलिस, कैलाश चन्द्र भटट्, निरीक्षक नागरिक पुलिस, मनोहर सिंह रावत, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, ओमकान्त भूषण,उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, दीपक कुमार, अपर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, गोपाल राम मुख्य आरक्षी, अमरजीत, आरक्षी और राहुल, आरक्षी को सम्मानित किया गया गया। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों प्रिया राणा, मनीषा चौहान, राहुल सरनालिया, अमीषा चौहान विशम कश्यप, अमित बेलवाल और महक चौहान को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राज्य हित में 06 घोषणाएं की।

1. राज्य के उन विद्यालयों में, जहाँ मिड–डे मील योजना के तहत भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ राज्य सरकार द्वारा दो गैस सिलेंडर और एक चूल्हा उपलब्ध कराया जाएगा।

2. राज्य के अंतर्गत उन विधानसभा क्षेत्रों में, जहाँ पेयजल आपूर्ति में कठिनाई है, वहाँ प्रत्येक क्षेत्र में 10–10 हैंडपंप स्थापित किए जाएंगे।

3. ग्राम चौकीदार एवं ग्राम प्रहरी के मानदेय में एक हजार रुपए की वृद्धि की जाएगी।

4. सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत ब्लॉक प्रतिनिधियों के मानदेय में दो हजार रुपए की वृद्धि की जाएगी।

5. राज्य में दूरस्थ व रोजगार मूलक उच्च शिक्षा के समग्र विकास और प्रचार–प्रसार के लिए जनपद स्तर पर राज्य सरकार द्वारा विशेष शैक्षणिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनका संचालन व समन्वय उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

6. 'गंगोत्री ग्लेशियर सहित प्रदेश के अन्य हिमालयी ग्लेशियर एवं उनके समीपवर्ती क्षेत्रों का नियमित अध्ययन कराया जाएगा,साथ ही प्रीडेक्टिव और प्रोएक्टिव आपदा प्रबंधन हेतु आपदा प्रबंधन विभाग को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वीर बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण किया और उत्तराखंड राज्य स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सभी आंदोलनकारियों को नमन किया। उन्होंने उत्तरकाशी के धराली सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित हुए सभी परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की कठिन परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने तत्परता, समर्पण और साहस के साथ राहत एवं बचाव का कार्य किया, इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यों को पूरी संवेदना के साथ और तेज गति से किया जायेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की 78 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा में देशवासियों के अदम्य साहस, अटूट समर्पण और निरन्तर परिश्रम के बल पर हमारा राष्ट्र अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, वर्ष 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होने के संकल्प के साथ, तीव्र गति से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। रक्षा, विज्ञान, तकनीकी कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर हर क्षेत्र में देश तेजी से कार्य हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ ही देश को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

# हाईटेक तकनीक और मशीनों के बावजूद जिंदगी की तलाश में हाथ खाली



देहरादून। धराली में राहत एवं बचाव कार्यों में तमाम हाईटेक तकनीक की मशीनें इस्तेमाल हो रही हैं। आपदा के बाद के 72 घंटे काफी अहम थे, लेकिन 12 दिन बाद भी तमाम हाईटेक तकनीक और मशीनों के बावजूद जिंदगी की तलाश में हाथ खाली हैं। धराली में 35 से 40 फुट तक जमा हजारों टन मलबे का ढेर आधुनिक तकनीक की मशीनों के सामने आड़े आ रहा है। यहां जो होटल, मकान खीरगंगा की बाढ़ में धराशायी हुए वह उनका मलबा भी अपने स्थान से कई फुट आगे भागीरथी की ओर बढ़ गया। साथ ही पांच अगस्त की दोपहर में आई आपदा के बाद भी खीरगंगा से लगातार मलबा आता रहा, जिसने मशीनों पर टिकी उम्मीदों को तोड़ने का काम किया। लाइव डिटेक्टर राहत बचाव टीमों ने छह अगस्त को धराली में लाइव डिटेक्टर की सहायता से जिंदगी की तलाश शुरू की। लेकिन एक निश्चित गहराई तक जिंदगी की तलाश करने वाला यह उपकरण भी हजारों टन मलबे के ढेर जिंदगी की पहचान करने में कामयाब नहीं हो पाया। विक्टिम लोकेटिंग कैमरा थर्मल इमेजिंग और ध्वनि की सहायता से मलबे में दबे लोगों को ढूंढने में मदद करने वाला विक्टिम लोकेटिंग कैमरे से भी बचाव टीमों को ऐसी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। क्योंकि इसे किसी ध्वस्त हुए ढांचे या फिर पानी के अंदर कैमरे से स्कैनिंग किया जाता है, लेकिन धराली के मलबे में इस तरह की स्थितियां बची नहीं हैं। ग्राउंड पेनेट्रेटिंग राडार ग्राउंड पेनेट्रेटिंग राडार विद्युत चुम्बकीय तरंगों का उपयोग कर जमीन के नीचे की संरचनाओं का पता की जाती है, लेकिन धराली में जमा मलबा दलदली होना और मलबे के नीचे पानी के कई चैनल होने की वजह से ये राडार भी जिंदगी बचाने में कारगर साबित नहीं हो पाए हैं।

थर्मल इमेजिंग कैमरा धराली में थर्मल इमेजिंग कैमरे काफी कारगर हो सकते थे, क्योंकि यह मलबे से निकलने वाली ऊर्जा के आधार पर लोकेशन को सटीक तरीके से बता देता है, लेकिन इन कैमरों के सामने भी मलब के साथ लगातार बह रहा पानी सबसे बड़ी बाधा बनकर सामने आया।

### भूस्खलन से खतरे की जद में आया मांदरा गांव

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के बासर पट्टी के मांदरा गांव के नीचे हुए भारी भूस्खलन से शहीद विनोद पाल सिंह बिष्ट छतियारा-खवाड़ा मार्ग करीब 24 घंटे बाद सुचारू हो सका है। हालांकि अभी भी भूस्खलन पूरी तरह थमा नहीं है। रुक-रुक कर मलबा सड़क पर आ रहा है। जिससे गांव खतरे की जद में आ गया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश के बाद मांदरा गांव के नीचे की पहाड़ी से लगातार मिट्टी और चट्टानें खिसक रही हैं। इससे सड़क पर मलबा जमने के साथ वाहनों की आवाजाही खतरे में पड़ रही है। कई बार मशीनों से मलबा हटाने के कुछ ही घंटों बाद फिर से रास्ता बंद हो जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण कराने और उचित ट्रीटमेंट करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि मांदरा गांव पहले से ही आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है और यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।

# उत्तराखंड में फिर भारी बारिश का अलर्ट

## इन दो जिलों के बाशिंदे भी रहें सतर्क



देहरादून। उत्तराखंड में भारी वर्षा का दौर जारी है। पहाड़ से मैदान तक कहीं–कहीं तीव्र वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने रविवार को भी प्रदेशभर में भारी वर्षा की आशंका जताई है। देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली व नैनीताल में कहीं–कहीं भारी वर्षा की आशंका है, जिसे लेकर यलो अलर्ट है। शेष जिलों में भी गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व वर्षा के तीव्र दौर संभव हैं।

दून समेत आसपास के क्षेत्रों में बौछारों का क्रम बना हुआ है। हालांकि, बीते शुक्रवार को दिनभर धूप और बादलों की आखं–मिचौनी चलती रही और कहीं–कहीं हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। शनिवार को तड़के शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का सिलसिला दोपहर तक बना रहा।

इस दौरान 50 मिमी से अधिक वर्षा दून और आसपास के क्षेत्रों में रिकार्ड की गई। हालांकि, कुमाऊं में कहीं–कहीं 80 मिमी तक वर्षा हुई। पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण अब भी दुश्वारियां कम नहीं हो पा रही है। चारधाम समेत आसपास के क्षेत्रों में भी वर्षा के दौर रुक–रुककर जारी है। पहाड़ों में कई जगह सड़कों पर भूस्खलन से आवाजाही प्रभावित हो रही है।

प्रदेश में अगले तीन से चार दिन ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। देहरादून में रविवार को भी भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, रविवार को कई जिलों में भारी वर्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

# अगला उपराष्ट्रपति कौन? अचानक चर्चा में आया 3 राज्यपालों का नाम, विपक्ष भी उतार सकता है उम्मीदवार



नई दिल्ली। अगला उपराष्ट्रपति कौन? आजकल ये सवाल खूब चर्चाओं में है। हालांकि पक्ष–विपक्ष ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं मगर रविवार को होने वाली भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में नए उपराष्ट्रपति के नाम पर मुहर लग सकती है। जिन नेताओं का नाम चर्चा में है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर सबसे आगे हैं। बता दें कि संसदीय बोर्ड भाजपा की सर्वोच्च नीति निर्धारण इकाई है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह मौजूद रहेंगे।

**और किन मुद्दों पर हो सकती है चर्चा?**

उपराष्ट्रपति के साथ–साथ भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार में मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) जैसे अन्य ज्वलंत विषयों पर भी चर्चा हो सकती है। दरअसल नए उपराष्ट्रपति के नामाकंन के लिए 21 अगस्त आखिरी तारीख है। राजग नेताओं ने पहले ही उपराष्ट्रपति का फैसला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा को अधिकृत कर दिया है।

**विपक्ष भी उतार सकता है अपना उम्मीदवार**

लोकसभा और राज्यसभा में राजग के स्पष्ट बहुमत होने के कारण नए उपराष्ट्रपति के चुनाव में कोई समस्या नहीं है, लेकिन 2022 की तरह विपक्ष अपनी ओर से कोई उम्मीदवार उतार सकता है। जगदीप घनखड़ के खराब स्वास्थ्य के कारण इस्तीफा देने के कारण खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को मतदान होना है।

इन नेताओं के नाम की हो रही चर्चा

सूत्रों के अनुसार धनखड़ के इस्तीफे के कारण उपजी परिस्थिति को देखते हुए भाजपा ने इस बार अपने ही अनुभवी नेता को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। जिन नेताओं का नाम चर्चा में है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत, झारखंड के राज्यपाल गंगवार और सिक्किम के राज्यपाल माथुर प्रमुख हैं। वैसे संसदीय बोर्ड राजनीतिक, सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण को देखते हुए संसदीय कार्यप्रणाली में अनुभवी किसी अन्य नेता को भी चुन सकता है। इसके अलावा, संसदीय बोर्ड नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर भी चर्चा कर सकता है। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी में होना था, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इसके चलते जेपी नड्डा स्वास्थ्य, रसायन व उर्वरक मंत्रालय और राज्यसभा में सदन के नेता के साथ–साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार भी संभाल रहे हैं।

### ऋषिकेश में गंगा चेतावनी निशान के पार

ऋषिकेश। पर्वतीय क्षेत्र में बारिश से गंगा फिर उफान पर है। शनिवार को गंगा चेतावनी निशान 339.50 मीटर को पार कर गईं। जलस्तर बढ़ने से स्नान घाट जलमग्न हो गये। बीते दस दिनों में पांचवीं बार गंगा ने चेतावनी और एक बार खतरे के निशान को पार किया है। उधर,बारिश के चलते शहर में जलभराव की समस्या से भी लोग जूझे। शनिवार सुबह सात बजे गगा का जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 को पारकर 339.54 मीटर तक पहुंच गया। शाम पांच बजे तक गंगा चेतावनी निशान को पार कर बहती रहीं। जलस्तर बढ़ने से ऋषिनगरी के तमाम घाट जलमग्न हो गये। शाम पांच बजे बाद जलस्तर में कमी होने लगी। जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 से घटकर 339.35 मीटर तक कम हो गया। बीते दस दिनों में गंगा पांच बार चेतावनी निशान को पार कर चुकी है। जबकि एक बार खतरे को निशान को पार किया है।

# गंगा में बह रही पत्नी को बचाने के लिए पति कूदा, दोनों लापता



ऋषिकेश। गंगा में मिल रही चंद्रभागा नदी के रपटे को पार करने के दौरान महिला का संतुलन बिगड़ और वह गंगा में बहने लगी। पत्नी को बहता देख पति उसे बचाने के लिए गंगा में कूद गया। जिसके बाद दोनों गंगा की लहरों में लापता हो गए।सूचना पर पहुंची दंपती की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने गंगा तटों पर खोज अभियान चलाया। लेकिन अब तक उनका पता नहीं चल पाया है। दंपती ऋषिकेश के गंगा तटों पर फड़ लगाकर छोटा–मोटा सामान बेचने का काम करते थे। वहां यहां पर चंद्रेश्वर नगर में रहते हैं मूलरूप से हाथरस उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं।

त्रिवेणी घाट चौकी प्रभारी विनेश कुमार ने बताया कि 26 वर्षीय पिंटू अपनी 25 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी चंद्रेश्वर नगर की ओर जा रहे थे। दंपती जैसे ही नावघाट पहुंचे तो बरसाती नदी चंद्रभागा को पार करने लगे। यहां पर गंगा में मिल रही बरसाती नदी चंद्रभागा का रपट है उसे पार करने के दौरान लक्ष्मी का संतुलन बिगड़ गया । जिससे वह फिसल कर गंगा के तेज बहाव में बहने लगी। पत्नी को बहता देख पिंटू ने उसे बचाने के लिए गंगा में छलांग लगा दी। गंगा के बढ़े जल स्तर में दोनों लापता हो गए। नावघाट के पास मौजूद लोगों ने उन्हें बहता देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दंपती की तलाश में खोज अभियान चलाया। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।

# सरकार ने पंचायती राज्य व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई : हरीश रावत




देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि सरकार ने पंचायत चुनावों के दौरान जमकर पंचायती राज व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाई। पंचायत चुनावों में की गई धांधली को जनता की अदालत में ले जाने के लिए वो सितंबर में न्याय यात्रा शुरू करेंगे। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में मीडिया कर्मियों से बातचीत में रावत ने कहा कि इन चुनावों में हर स्तर पर लोकतंत्र की हत्या की गई। कांग्रेस का संगठन भी चुनावों में गड़बड़ी के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ने जा रहा है। इसके तहत दून और नैनीताल में बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। रावत ने कहा कि सरकार ने पहले पंचायत चुनाव से बचने का हर संभव प्रयास किया। जब हाईकोर्ट के रुख को देखते हुए चुनाव कराने ही पड़ गए तो पहले ही दिन से चुनावों में षड़यंत्र का कुचक्ररचा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इसकी शंका जाहिर की थी और अब यह बात साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पहले बड़ी संख्या में लोगों के नामांकन रद्द कराए गए। फिर दोहरी वोटर लिस्ट वालों को राहत देने के लिए आदेश निकाला गया और बाद में कुचक्ररचकर कम से कम चार जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण नियमों के विपरीत तय कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कई स्थानों पर पुलिस और प्रशासन के बल पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपहरण कर परिणाम जबरदस्ती अपने पक्ष में कराए गए। हरीश रावत ने दावा किया कि चुनावों में भाजपा के मंत्री, विधायक और नेताओं के 40 के करीब रिश्तेदार हारे हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में होम स्टे में पर्यटक की मौत

ऋषिकेश। तपोवन स्थित गुलाब नगर के एक हो स्टे में केरल के पर्यटक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस को होम स्टे के कमरे में पर्यटक का शव बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स ऋषिकेश भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक यह घटना 14 अगस्त की देर रात की है। सूचना मिली कि गुलाबनगर स्थित होम स्टे साईं योगा में एक कमरे का दरवाजा नहीं खुल रहा है, जिसमें केरल का एक पर्यटक रुका हुआ है। होटल स्टाफ ने पुलिस को कमरे से दुर्गंध आने की बात भी कही, जिसके बाद फौरन पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कमरे के दरवाजे को बलपूर्वक खोला, तो उन्हें 29 वर्षीय राहुल बाबू निवासी चेनराकुल्लम, केरल बेड पर मृत अवस्था में पड़ा मिला।

# भारत पर टैरिफ और खुद रूस के साथ बढ़ा रहे व्यापार

## पुतिन ने दुनिया के सामने खोली ट्रंप की पोल



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बीती रात पूरी दुनिया के सामने अमेरिका का दोगलापन उजागर कर दिया। अलास्का में ऐतिहासिक बैठक के बाद पुतिन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ट्रंप प्रशासन के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है। पुतिन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने रूस के साथ तेल व्यापार को लेकर भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाया है। अब पुतिन ने आंकड़ा देते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से रूस और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 20% की वृद्धि हुई है। पुतिन ने कहा, "जब से नया (ट्रंप) प्रशासन सत्ता में आया, तब से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ने लगा है। यह अभी भी बहुत प्रतीकात्मक है। फिर भी, हमारी वृद्धि दर 20 प्रतिशत है।" उन्होंने संकेत दिया कि रूस और अमेरिका अभी भी एक–दूसरे को व्यापार और कारोबार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। पुतिन ने कहा, "हमारे पास एक साथ मिलकर काम करने के कई आयाम हैं। रूस और अमेरिका व्यापार, डिजिटल, उच्च तकनीक और अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक–दूसरे को बहुत कुछ प्रदान कर सकते हैं।" रूसी राष्ट्रपति के इस बयान ने ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया मंच पर कई यूजर्स ने दावा किया है कि ट्रंप प्रशासन ने रूस के साथ व्यापार को बढ़ाया है,

## फ्लैट आयरन बनाम स्ट्रेटनिंग ब्रश: कौन–सा हेयर स्ट्रेटनर आपके लिए है बेहतर?

बालों को सीधा करने के लिए फ्लैट आयरन और स्ट्रेटनिंग ब्रश दो लोकप्रिय विकल्प हैं। हालांकि, दोनों के अपने–अपने फायदे और नुकसान हैं। फ्लैट आयरन से बालों को एकदम सीधा और चमकदार बनाया जा सकता है, जबकि स्ट्रेटनिंग ब्रश से बालों को जल्दी और आसानी से सीधा किया जा सकता है। इस लेख में हम दोनों उपकरणों की तुलना करेंगे ताकि आप अपने लिए सही विकल्प चुन सकें।

**फ्लैट आयरन का उपयोग कैसे करें?**

फ्लैट आयरन का उपयोग करने के लिए सबसे पहले अपने बालों को अच्छे से धो लें और फिर उन्हें हल्का सुखा लें। इसके बाद फ्लैट आयरन को गर्म करें और धीरे–धीरे इसे अपने बालों पर चलाएं। ध्यान रखें कि बालों को छोटे–छोटे हिस्सों में बांटकर ही फ्लैट आयरन का उपयोग करें ताकि हर हिस्सा अच्छे से सीधा हो सके। इसके साथ बालों पर हीट प्रोटेक्शन स्प्रे का उपयोग जरूर करें ताकि बालों को नुकसान न पहुंचे।

**स्ट्रेटनिंग ब्रश का उपयोग कैसे करें?**

स्ट्रेटनिंग ब्रश का उपयोग करने के लिए सबसे पहले अपने बालों को अच्छे से धो लें और फिर उन्हें हल्का सुखा लें। इसके बाद स्ट्रेटनिंग ब्रश को गर्म करें और धीरे–धीरे इसे अपने बालों पर चलाएं। स्ट्रेटनिंग ब्रश का उपयोग करते समय बालों को छोटे–छोटे हिस्सों में बांटकर ही उपयोग करें ताकि हर हिस्सा अच्छे से सीधा हो सके। इसके साथ ही बालों पर हीट प्रोटेक्शन स्प्रे का उपयोग जरूर करें।

**फ्लैट आयरन के फायदे और नुकसान**

फ्लैट आयरन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह बालों को एकदम सीधा और चमकदार बनाता है। इसके अलावा यह लंबे समय तक बालों को सीधा रखने में मदद करता है। हालांकि, फ्लैट आयरन का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह बालों को नुकसान पहुंचा सकता है, खासकर अगर इसका सही तरीके से उपयोग न किया जाए। इसलिए फ्लैट आयरन का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

**स्ट्रेटनिंग ब्रश के फायदे और नुकसान**

स्ट्रेटनिंग ब्रश का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे उपयोग करना आसान होता है और यह जल्दी काम करता है। इसके अलावा यह बालों को हल्का सा कर्ल भी देता है, जिससे वे प्राकृतिक नजर आते हैं। हालांकि, स्ट्रेटनिंग ब्रश का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह बालों को उतना सीधा नहीं बना पाता जितना फ्लैट आयरन कर पाता है। इसलिए अगर आप अपने बालों को पूरी तरह सीधा करना चाहते हैं तो फ्लैट आयरन बेहतर है।

**कौन–सा विकल्प है बेहतर?**

अब सवाल यह उठता है कि फ्लैट आयरन या स्ट्रेटनिंग ब्रश में से कौन–सा विकल्प बेहतर है? इसका जवाब आपके बालों की प्रकार और जरूरतों पर निर्भर करता है। अगर आप अपने बालों को पूरी तरह सीधा करना चाहते हैं तो फ्लैट आयरन बेहतर रहेगा। वहीं अगर आपको जल्दी काम करना हो तो स्ट्रेटनिंग ब्रश अच्छा विकल्प हो सकता है। दोनों उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करने पर आप अपने बालों को बेहतरीन लुक दे सकते हैं।

## सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है ड्रैगन फ्रूट, जानिए इसके 5 प्रमुख लाभ

ड्रैगन फ्रूट एक खास और सेहतमंद फल है, जिसे पिताया भी कहा जाता है। यह देखने में बहुत सुंदर और खाने में स्वादिष्ट होता है। इसकी बाहरी त्वचा बैंगनी रंग की होती है, जिस पर मुलायम कांटेदार हिस्से होते हैं, जबकि इसका गूदा सफेद या बैंगनी रंग का होता है। आइए जानते हैं कि ड्रैगन फ्रूट को डाइट में शामिल करने से आपको क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में है सहायक**

ड्रैगन फ्रूट में विटामिन–सी की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो हमारे शरीर की रोगों से लड़ने की ताकत को बढ़ाने में मदद करता है। यह फल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो हानिकारक तत्वों से लड़ने में सहायक होते हैं और हमें बीमारियों से बचाते हैं। नियमित रूप से ड्रैगन फ्रूट खाने से हमारी प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और हम जल्दी बीमारियों से उबर सकते हैं।

**वजन घटाने में है मददगार**

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो ड्रैगन फ्रूट आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें कम कैलोरी होती है और यह फाइबर से भरपूर होता है, जिससे पेट जल्दी भरा हुआ महसूस होता है। इससे आपको बार–बार खाने की इच्छा नहीं होती और वजन नियंत्रित रहता है। इसके अलावा फाइबर पाचन क्रिया को सुधारता है और शरीर में ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**दिल की सेहत के लिए है फायदेमंद**

ड्रैगन फ्रूट में ऐसे तत्व होते हैं, जो दिल की बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकते हैं और धमनियों को साफ रखते हैं। नियमित रूप से ड्रैगन फ्रूट खाने से रक्तचाप भी नियंत्रित रहता है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है और कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

**पाचन क्रिया को सुधारने में है मददगार**

ड्रैगन फ्रूट फाइबर का अच्छा स्रोत है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। यह कब्ज से राहत दिलाता है और आंतों को स्वस्थ रखता है।

# देश में पानी का स्रोत केवल मानसून

**पंकज चतुर्वेदी**



**मानसून का संबंध मुख्यतया गरमी के दिनों में होने वाले वायुमंडलीय परिसंचरण में परिवर्तन से है। गरमी की शुरुआत होने से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ–साथ अंत:उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र भी उत्तरायण होना प्रारंभ हो जाता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के उत्तर में प्रवाहित होने लगती है। इस तरह तापमान बढ़ने से निम्न वायु दाब निर्मित होता है। दक्षिण में हिन्द महासागर में मेडागास्कर द्वीप के समीप उच्च वायु दाब का विकास होता है, इसी उच्च वायु दाब के केंद्र से दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्पत्ति होती है।**

ध्यान दें जहां भी जल भराव हो रहा है, वहां अधिकांश स्थान वे हैं, जहां के नदी–तालाब पर समाज ने कब्जा कर रखा है। असल में पानी को लेकर हमारी सोच प्रारंभ से ही त्रुटिपूर्ण रही है–हमें पढ़ा दिया गया कि नदी, नहर, तालाब झील आदि पानी के स्रोत हैं, हकीकत में हमारे देश में पानी का स्रोत केवल मानसून है, नदी–दरिया आदि तो उसको सहेजने के स्थान मात्र हैं। मानसून की नियामत सहेजने के स्थान पर हमने खुद उन्हें उजाड़ दिया। मानसून विदा होते ही उन सभी इलाकों में पानी की एक–एक बूंद के लिए मारा–मारी होगी।

हम जानते हैं कि हमारे लोक जीवन, अर्थव्यवस्था, पर्व–त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो महानगर–शहर पूरे साल वायु प्रदूषण के कारण हलकान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों को सांस लेने को साफ हवा मिलती है। खेती–हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर हैं। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है, तो समाज और सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून का सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है–कारण हैं–तेज पलायन और गांवों का शहरीकरण।

भारतीय मानसून का संबंध मुख्यतया गरमी के दिनों में होने वाले वायुमंडलीय परिसंचरण में परिवर्तन से है। गरमी की शुरुआत होने से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ–साथ अंतःउष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र भी उत्तरायण होना प्रारंभ हो जाता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के उत्तर में प्रवाहित होने लगती है। इस तरह तापमान बढ़ने से निम्न वायु दाब निर्मित होता है। दक्षिण में हिन्द महासागर में मेडागास्कर द्वीप के समीप उच्च वायु दाब का विकास होता है, इसी उच्च वायु दाब के केंद्र से दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्पत्ति होती है।

जान लें कि तापमान बढ़ने के कारण एशिया पर न्यून वायु दाब बन जाता है। इसके विपरीत दक्षिणी गोलार्ध में शीतकाल के कारण दक्षिण हिन्द महासागर तथा उत्तर–पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पास उच्च दाब विकसित हो जाता है। परिणामस्वरूप उच्च दाब वाले क्षेत्रों से अर्थात महासागरीय भागों से निम्न दाब वाले स्थलीय भागों की ओर हवाएं चलने लगती हैं। सागरों के ऊपर से आने के कारण नमी से लदी ये हवाएं पर्याप्त वृष्टि प्रदान करती हैं।

जब निम्न दाब का क्षेत्र अधिक सक्रिय हो जाता है तो दक्षिण–पूर्वी व्यापारिक हवा भी भूमध्य रेखा को पार करके मानसूनी हवाओं से मिल जाती है। इसे दक्षिण–पश्चिमी मानसून अथवा भारतीय मानसून भी कहा जाता है। इस प्रकार एशिया में मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं–भारत में भी दक्षिण–पश्चिम मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं–बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की शाखा। जलवायु परिवर्तन का गहरा असर भारत में दिखने लगा है, इसके साथ ही ठंड के दिनों में अल नीनो और दीगर मौसम में ला नीना का असर हमारे मानसून–तंत्र को प्रभावित कर रहा है।

विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों के कुछ लीटर पानी को घटाने को तो राजी हैं, लेकिन मानसून से मिले जल को संरक्षित करने के मार्ग में खुद ही रोड़ा अटकाते हैं जबकि मानसून को सहेजने वाली नदियों में पानी सुरक्षित रखने की बनिस्बत रेत निकालने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हम भूल जाते हैं कि नदी की अपनी याददाश्त होती है, वह दो सौ साल तक अपने इलाके को भूलती नहीं। गौर से देखें तो आज जिन इलाकों में नदी से तबाही पर विलाप हो रहा है, वे सभी किसी नदी के बीते दो सदी के रास्ते में यह सोच कर बसा लिए गए कि अब तो नदी दूसरे रास्ते बह रही है, खाली जगह पर बस्ती बसा ली जाए।

दूर क्यों जाएं, दिल्ली में ही अक्षरधाम मंदिर से ले कर खेल गांव तक को लें, अदालती दस्तावेज में खुरपेंच कर यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में बसा लिए गए। दिल्ली के पुराने खादर में बीते पांच दशक में ओखला–जामिया नगर से ले कर गीता कालोनी, बुराड़ी जैसी घनी कॉलोनियां बस गईं और अब सरकार यमुना का पानी अपने घर में रोकने के लिए खादर को बसाने की बात कर रही है। बिहार राज्य में ही उन्नीसवीं सदी तक हिमालय से चल कर कोई छह हजार नदियां आती थीं जो संख्या आज घट कर बमुश्किल 600 रह गई है।

असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, बरसात के जल को सहेज कर रखने के प्राकृतिक खजानों की रक्षा के प्रति न तो गंभीर हैं, और न ही कुछ नया सीखना चाहते हैं। पूरा जल तंत्र महज भूजल पर टिका है जबकि सर्वविदित तथ्य यह है कि भूजल पेयजल का सुरक्षित साधन नहीं है। हर घर तक नल से जल पहुंचाने की योजना का सफल क्रियान्वयन मानसून को सम्मान देने से ही संभव होगा।

## फीस में बढ़ोतरी तार्किक नहीं

दिल्ली विश्वविद्यालय में सत्र 2025–26 में पढ़ाई महंगी होने जा रही है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस में जल्द ही इजाफा हो सकता है। विश्वविद्यालय ने अपने अंडरग्रेजुएट कोर्सेज की फीस में इजाफा करने का मन बना लिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पांच वर्षीय बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी कोर्स की फीस दो लाख रुपये के पार चली जाएगी। इन दो कोर्सेज की फीस बढ़ा कर दो लाख 8 हजार 550 रुपये की जा सकती है। एमए और पीएचडी कोर्सेज की फीस में भी इजाफा होगा। इसी प्रकार कई अन्य कोर्सेज में भी बढ़ोतरी की जानी है। बेश-क, उच्च शिक्षा में इजाफा छात्रों और उनके अभिभावकों पर खासा बोझ बढ़ाने वाला साबित होगा। वैसे ही हमेशा से उच्च शिक्षा का खर्च आम परिवारों की पहुंच से बाहर ही रहा है। इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रबंधन जैसे पाठ्यक्रमों में आम परिवार का छात्र सफल भी रहता है, तो अपनी प्रतिभा के बल पर स्कॉलरशिप आदि पाकर ही सफल हो पाता है। यदि फीस आदि में सहूलियत न मिले तो यकीनन इन पाठ्यक्रमों का शिक्षण व्यय आम परिवार की पहुंच से बाहर है। अब लॉ के अलावा बंगाली जैसी भाषाओं के पाठ्यक्रमों की फीस बढ़ा कर शिक्षा को महंगा करने का फैसला लिया जा चुका है। एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षण खर्च और एक निजी विश्वविद्यालय में होने वाले पढ़ाई पर खर्च में कोई ज्यादा अंतर नहीं रह जाएगा। यह समाज के बड़े तबके के हित पर कुठाराघात ही कहा जाएगा। इस प्रकार से फीस में बढ़ोतरी की तैयारी से लगता है कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण की दिशा में अपने कदम और तेज करने का मन बना लिया है। फीस बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव को विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने हरी झंडी दे दी है। संभवतः 2025–26 के सत्र से इसे कार्यान्वित भी कर दिया जाए। एक ऐसे देश में जहां बड़ी आबादी जैसे–तैसे मिनिमम स्तर पर गुजारा कर पा रही है, उसके नौनिहालों के आगे बढ़ने की संभावनाओं को कुंद करना उचित नहीं कहा जा सकता। कहना न होगा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने महंगे होते बंदोबस्त के नाम पर अपने फैसले को जस्टिफाई करेगा। लेकिन एक केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा मात्र इस तर्क के सहारे फीस में बेजा बढ़ोतरी को तार्किक नहीं कहा सकता। सभी वगरे के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

## हत्या सिर्फ हत्या है

हनीमून के लिए मेघालय गई सोनम को पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया। राजा व सोनम 23 मई से लापता थे। दो जून को राजा का शव खाई में मिला था, जबकि सोनम का लापता थी। पुलिस के अनुसार उसने भाड़े के हत्यारों के साथ मिलकर साजिश रची थी। 11 मई को दोनों की परिवार की मर्जी से शादी की हुई थी। 21 मई को दंपति शिलांग पहुंचा। राज कुशवाहा सोनम के पिता की दुकान में काम करता था। जिसके साथ सोनम के रिश्ते थे। इन दोनों ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बीस लाख रुपये में राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची और पेड़ काटने वाली छोटी कुल्हाड़ी दाव ऑनलाइन मंगाई। राजा की मां का कहना है, सोनम के विवाह में रुचि न लेने व फोन न सुनने से राजा उखड़ा–उखड़ा रहता था।

मगर सोनम की मां का इस पर कहना था, उनका परिवार काफी सख्त है इसलिए उनकी बेटी अपने होने वाले पति के साथ मुलाकातें नहीं कर सकती। हनीमून की बुकिंग भी सोनम ने ही करवाई थी। शादी के बाद उसका बर्ताव ससुरालियों से अच्छा ही था, वह सबसे मिल–जुल कर रही और हनीमून के दरम्यान सबसे फोन पर बातें भी करती रही। सोनम के परिजन उसे बेगुनाह बता रहे हैं और सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। परिवारों की मर्जी से शादी करने वाली नवविवाहिताओं में इस तरह का आवेश देखकर कहा जा सकता है कि परिजनों को अरेंज मैरिज को लेकर अपने विचार बदलने होंगे। जात–बिरादरी के बंधनों व आर्थिक स्तर को लेकर वैवाहिक संबंधों को बनाने की रवायतों में ढील लानी होगी। परिपक्व उम्र की लड़कियां घर के बड़ों के समक्ष जो आक्रोश व्यक्त नहीं कर पातीं, वह विवाह के उपरांत जानलेवा साबित होता नजर आ रहा है। समाज के बदलते परिवेश में बंदिशों की जगह नहीं रही है। यह गंभीर सामाजिक व पारिवारिक मसला बनता जा रहा है।

# भारत की स्थिति चीन से बहुत भिन्न

**डॉ. प्रभात दीक्षित**

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश रहे चीन को आज अपनी घटती जनसंख्या की भरपाई के लिए बड़ी आर्थिक योजनाएं लानी पड़ रही हैं। चीन ने घोषणा की है कि वह तीन साल से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे के लिए सालाना 3,600 युआन यानी लगभग 1,500 डॉलर (1.25 लाख रु पये) की नकद मदद देगा। यह योजना जनसंख्या को बढ़ावा देने के लिए लाई जा रही है क्योंकि चीन की जन्म दर ऐतिहासिक रूप से नीचे पहुंच गई है। 2023 में चीन की कुल जनसंख्या में 61 वषों में पहली बार गिरावट दर्ज की गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, चीन की टोटल र्फिटलटी रेट सिर्फ 1.09 है, जबकि जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए 2.1 का स्तर जरूरी होता है।

यह उदाहरण दिखाता है कि जनसंख्या नियंत्रण सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, यह सामाजिक, आर्थिक और रणनीतिक रूप से एक बेहद संवेदनशील विषय है। भारत ने 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बनने का 'टैगझ् प्राप्त किया, लेकिन भारत की स्थिति चीन से बहुत भिन्न है। भारत में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे –5 के अनुसार, कुल प्रजनन दर अब 2.0 पर आ गई है–यह भी रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे है। इसका मतलब यह है कि भारत की जनसंख्या अब धीरे–धीरे स्थिर हो रही है, और भविष्य में इसमें गिरावट की संभावना भी जताई जा रही है। इस स्थिति को सकारात्मक नजरिए से देखा जाए तो यह भारत के लिए एक डेमोग्राफिक डिविडेंड का सुनहरा अवसर है। भारत में अभी भी 65त्न से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। इसका मतलब यह है कि हमारे पास कामकाजी युवाओं की बड़ी फौज है, जो आने वाले वषो में देश की आर्थिक विकास यात्रा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। चीन आज जिस संकट से जूझ रहा है जहां बूढ़ी होती जनसंख्या के साथ कामकाजी हाथ कम होते जा रहे हैं, भारत उस स्थिति से अभी दूर है। भारत को यहां एक संतुलित नीति अपनाने की जरूरत है। न तो अंधाधुंध जनसंख्या बढ़ाने की सोच हो, न ही अतिवादी नियंत्रण की। भारत के कई दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी राज्यों में पहले ही जनसंख्या वृद्धि रु क गई है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अब 1.6 से 1.8 के बीच है, जो चिंता का विषय है। वहीं बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों में अभी भी 2.5 के आसपास है। ये क्षेत्रीय असंतुलन भविष्य में सामाजिक और आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए एक सकारात्मक रणनीति यह होगी कि हम जनसंख्या वृद्धि की जगह जनसंख्या की गुणवत्ता पर ध्यान दें। भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हर बच्चा स्कूल में जाए, हर महिला को स्वास्थ्य सुविधा और बराबरी का अवसर मिले और हर युवा को हुनरमंद बनाया जाए, तो यही जनसंख्या हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। इसके साथ ही, भारत को आने वाले दशकों में बुजुगरे की संख्या बढ़ने की संभावना को भी समझना होगा और उनके लिए स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना होगा। आज जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जनसंख्या की कमी से जूझ रही हैं जैसे जापान, कोरिया, इटली, रूस और अब भारत के पास एक बड़ा अवसर है कि वह अपने डेमोग्राफिक एडवांटेज को आर्थिक व सामाजिक प्रगति में बदल सके। इसके लिए नीति–निर्माताओं को दीर्घकालिक सोच अपनानी होगी। शिक्षा और रोजगार को केंद्र में रखकर भारत यदि अपनी युवा शक्ति को अवसर दे, तो जनसंख्या कभी बोझ नहीं बनेगी। चीन आज जिन योजनाओं को लागू कर रहा है बच्चों के पालन–पोषण में आर्थिक सहायता, मातृत्व अवकाश, डे–केयर सुविधा और सामाजिक सुरक्षा वह भारत के लिए संकेत हैं कि हमें भी समय रहते अपने सामाजिक ढांचे को मजबूत करना होगा। हालांकि भारत की आर्थिक स्थिति चीन से अलग है, लेकिन नवाचार और सामुदायिक सहयोग से हम एक ऐसा मॉडल बना सकते हैं जिसमें जनसंख्या को लाभ में बदला जा सके। भारत को यह भी समझना होगा कि जिस जनसंख्या को आज वह अपनी शक्ति मान रहा है, वही आने वाले समय में चुनौतियों का कारण भी बन सकती है यदि उसे सही दिशा, शिक्षा और अवसर न मिले।

# दिव्या खोसला कुमार की नई फिल्म एक चतुर नार का ऐलान, रिलीज तारीख से उठा पर्दा



दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की आगामी फिल्म 'एक चतुर नारझ् का टाइटल और फर्स्ट लुक आज जारी किया गया है। टाइटल और मोशन पोस्टर से फिल्म एक कॉमेडी–ड्रामा मालूम पड़ता है। फिल्म के पहले लुक के सामने आने के बाद अब दर्शक फिल्म को लेकर उत्साहित हैं।मेकर्स ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश एक टेबल के पास खड़े हैं। टेबल पर टमाटर और शिमला मिर्च समेत कुछ सब्जियां रखी हुई हैं। दिव्या गाजर को चाकू से काटते हुए कैमरे की तरफ चालाकी भरी नजरों से देख रही हैं। बगल में नील नितिन मुकेश थ्री पीस पहने हाथों में बंदूक लिए खड़े हैं। इस मोशन पोस्टर में पीछे कैलाश खेर की आवाज में कुछ लाइन्स भी फिल्म के टाइटल से जुड़ी सुनाई दे रही हैं। एक दूसरा पोस्टर जारी किया गया है। इसमें दिव्या खोसला आंखों में काला चश्मा लगाए दिख रही हैं। जबकि उनकी चोटी नागिन के शेप में मुंह फैलाए हुए है और उस पर एक फ्लिप वाले फोन में नील नितिन मुकेश घबराए हुए नजर आ रहे हैं। इस मोशन पोस्टर में भी पीछे गाने की कुछ लाइन्स सुनाई दे रही हैं।

इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में नील और दिव्या एक दम अलग अवतार में दिखाई देंगे। टी–सीरीज द्वारा निर्मित इस फिल्म को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। 'एक चतुर नारझ् 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# 19 अगस्त को भारतीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली : एशिया कप 2025 की शुरुआत नौ सितंबर से होने जा रही है। इसको लेकर भारतीय टीम की घोषणा 19 अगस्त को की जाएगी। टूर्नामेंट से पहले बीसीसीआई चयन संबंधी दुविधाओं में उलझी हुई है।

सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाजों को पहले से ही मजबूत शीर्ष क्रम में कैसे फिट किया जाए, जिसमें अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव पहले से मौजूद हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि अगर गिल को टीम में शामिल किया जाता है तो सैमसन को पांचवें नंबर पर भेजना पड़ेगा और यह स्थिति उनके लिए सही नहीं होगी। इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन ठोककर कप्तान गिल ने टी–20 प्रारूप में भी अपनी पुरानी जगह को वापस लेने को लेकर दावा ठोक दिया है। इंग्लैंड के विरुद्ध पिछली टी–20 सीरीज में भारत ने तीसरा ओपनर नहीं चुना था, जिससे सवाल खड़ा हुआ कि अगर अभिषेक या सैमसन फार्म से बाहर हो जाते तो ओपनिंग कौन करता। आकाश ने कहा कि अगर शुभमन गिल तीसरे ओपनर के रूप में चुने जाते हैं तो क्या उन्हें बेंच पर बैठाया जाएगा? अगर उन्हें खिलाया जाता है तो



किसकी जगह? अगर वह जगह संजू सैमसन की है तो कीपिंग कौन करेगा और क्या सैमसन मध्य क्रम में सफल हो पाएंगे?

**संजू का पांचवें नंबर पर नहीं चला है बल्ला**

संजू सैमसन का बल्ला पांचवें नंबर पर शांत रहा है। उन्होंने 2022 से 2024 के बीच पांच टी–20 मैचों में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने 20.66 की औसत और 131.91 की स्ट्राइक रेट से कुल 62 रन बनाए हैं।

इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सैमसन के नाम सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 30 रन है। वहीं, सैमसन ने ओपनिंग करते हुए 2022 से 2025 के बीच 14 मैचों में 39.38 की औसत और 182.20 की स्ट्राइक रेट से 512 रन बनाए हैं। इसमें तीन शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है।

**अभिषेक, तिलक और सैमसन के हालिया आंकड़े शानदार**

आईपीएल के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और संजू सैमसन के हालिया आंकड़े पर नजर डाले तो वो शानदार हैं। अभिषेक ने पिछले टी–20 विश्व कप के बाद 42 मैचों में 34.94 के औसत व 198 से ज्यादा के स्ट्राक रेट से चार शतक और छह अर्धशतक ठोके हैं। उन्होंने इस दौरान 1363 रन बनाए। तिलक ने 36 मैचों में 50.00 के औसत व 153.84 के स्ट्राइक रेट से तीन शतक और पांच अर्धशतक ठोके हैं। इस दौरान उन्होंने 1200 रन बनाए। वहीं सैमसन ने 31 मैचों में 33.62 के औसत व 157.09 के स्ट्राइक रेट से तीन शतक और तीन अर्धशतक जमाए हैं। उन्होंने इस दौरान 908 रन बनाए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 1100 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन उनकी फार्म में गिरावट आई है। गिल ने भी इस दौरान 22 मैचों में 47.00 के औसत व 147 से ज्यादा के औसत से आठ अर्धशतक ठोके हैं। इस दौरान उनके 893 रन बने।

## सैयारा चौथे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर मचा रही धूम, अब इन फिल्मों से होगा मुकाबला



अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीना पूरा होने जा रहा है और यह दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। चौथे सप्ताह में भी यह म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर उंची उड़ान भर रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म के कारोबार में गिरावट जारी है। आइए बताते हैं सैयारा ने 27वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के 27वें दिन 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह 27 दिन में इस फिल्म ने 322.60 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में सैयारा खूब नोट छाप रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 541 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा का निर्देशन मोहित सूरी ने किया है।

## क्राइम थ्रिलर आ गैंग रेप 3 का ट्रेलर रिलीज

सनसनीखेज क्राइम थ्रिलर आ गैंग रेप 3 का ट्रेलर आधिकारिक तौर पर रिलीज़ हो गया है। वायरल शॉर्ट फिल्म आ गैंग रेप, जिसे यूट्यूब पर 45 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ मिले थे, और इसके समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सीक्वल आ गैंग रेप 2 की अपार सफलता के बाद, वही टीम अब एक रोमांचक तीसरी किस्त के साथ वापस आ गई है। यह फिल्म जल्द ही एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। योगी कुमार द्वारा निर्देशित आ गैंग रेप 3 दर्शकों के दिलों में उतरने के लिए डिज़ाइन की गई एक गहरी भावनात्मक और ईमानदार कहानी बताई जा रही है। योगी, जिनकी पिछली फीचर फिल्म लव यू टू को ओटीटी पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, का मानना है कि यह फिल्म उन्हें एक फिल्म निर्माता के रूप में और मजबूती से स्थापित करेगी। मुख्य भूमिकाएँ नरेन अन्नासागरम और प्रीति सुंदर ने निभाई हैं। सहचारा प्रोडक्शंस के बैनर तले नॉक्सियस नाग्स द्वारा निर्मित , इस फिल्म में छायाकार नानी ऐनावल्ली के मनमोहक दृश्य हैं,

# पिता के नक्शेकदम पर अर्जुन तेंदुलकर

नई दिल्ली। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने हाल ही में सगाई की। उनकी इस सगाई की काफी चर्चा हो रही है। हालांकि, अभी तक सगाई की तस्वीरें सामने नहीं आई हैं। 25 साल के अर्जुन तेंदुलकर ने 13 अगस्त 2025 को 26 साल की सानिया चंडोक से सगाई हुई। दोनों के बीच उम्र का एक साल से थोड़ा ज्यादा का अंतर है। यह उनके पिता सचिन तेंदुलकर जैसा ही है। मास्टर ब्लास्टर ने 1995 में अंजलि से शादी की थी, जबकि अंजलि उनसे पांच साल बड़ी थीं। सचिन का जन्म 24 अप्रैल, 1973 को हुआ था, जबकि अंजलि का जन्म 10 नवंबर, 1967 को हुआ था।



आईपीएल डेब्यू कर चुके हैं अर्जुन

24 सितंबर, 1999 को जन्मे अर्जुन क्रिकेट में लगातार अपना करियर बना रहे हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और लोअर ऑर्डर बल्लेबाज अर्जुन ने 2023 में मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में डेब्यू किया। उनका करियर अभी शुरुआती दौर में है। अर्जुन की सगाई के साथ ही उनके निजी जीवन में एक निर्णायक मोड़ आ गया है।

**अर्जुन तेंदुलकर से बड़ी हैं सनिया**

23 जून 1998 को जन्मी सानिया चंडोक अर्जुन से एक साल बड़ी हैं। खबरों के मुताबिक, इस जोड़े ने अपनी सगाई एक निजी समारोह में की, जिसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। अर्जुन खुद अपनी बहन सारा तेंदुलकर से 2 साल छोटे हैं। अपने पिता की तरह ही अर्जुन ने भी रिश्तों में उम्र की परवाह नहीं की। तेंदुलकर का बेटा अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने के लिए तैयार है।

**आईपीएल में 5 मैच खेले हैं**

अर्जुन ने आईपीएल में अब तक 5 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 38 की औसत और करीब 10 की इकोनॉमी से 3 विकेट चटकाए हैं। अर्जुन ने 2023 में ही तीनों विकेट लिए थे। आईपीएल 2024 में उन्होंने 1 मैच खेला था। हालांकि, वह इस मुकाबले में कोई विकेट नहीं ले पाए थे। अर्जुन गोवा के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। साथ ही वह इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। इसकी कमान हार्दिक पांड्या संभाल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शनिवार को जिला मुख्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। जन्माष्टमी पर जिला कारागार खांडयूसैंण में मंदिर को सजाया गया। इस दौरान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। वहीं, शहर के अपर बाजार में गढ़ज्योति सांस्कृतिक कला मंच द्वारा मटकी फोड का आयोजन किया गया। मटकी फोड आयोजन को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

जिला कारागार के जेलर डीपी सिन्हा ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर पौड़ी, खांड्यूसैंण सहित कोट ब्लाक व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन किए। वहीं, छोटे बच्चे भी श्री कृष्ण का बाल स्वरूप बनकर उत्साहित नजर आए। जिला कारागार के उपकारापाल गौरव कुमार टम्टा ने बताया कि जिला कारागार प्रशासन पहले से ही कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी में जुटा हुआ था। वहीं, बस स्टेशन में भी मटकी फोड का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष भरत सिंह रावत, उपाध्यक्ष अंकित नेगी, सचिव सुदर्शन नेगी, कोषाध्यक्ष मनीष लिंगवाल, सहसचिव नरेंद्र सिंह नेगी, मनोज रावत, सर्वेंद रावत, विपुल चंद्र, दीपक बिष्ट, राहुल नेगी, आयुषी आदि शामिल रहे।

### जनपद में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जनपद के सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों और सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।पौड़ी में स्वतंत्रता दिवस के मौके विभिन्न स्थानों पर विद्यालयी छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयं सेवियों की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुषों को नमन करते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस भदोरिया ने कहा कि देश को बडे संघर्षों, प्रयत्नों और बलिदानों के बाद आजादी मिली है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान को याद कर हम सबको आजादी के महत्व को समझना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी एक अधिकार के साथ एक दायित्व भी है। सभी लोग पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करेंगे और भारत के नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के इस पर्व पर हम सब विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लेकर चलें। ताकि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सपना पूर्ण हो सके।

# हर दिल में उमंग, हर छत पर लहराया तिरंगा

### कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : शुक्रवार को कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। हर दिल में उमंग के साथ, हर छत पर तिरंगा लहराया गया। बच्चों की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वतंत्रता दिवस को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों में उत्साह बना हुआ था। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। आईटीडीए कैल्क संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक डॉ. नंदकिशोर जखमोला ने ध्वजारोहण किया और आजादी के पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। महर्षि विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसांई द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात छात्रों ने प्रभात फेरी निकली। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यूकेडी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने ध्वजारोहण किया। बलूनी पब्लिक स्कूल में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मोहन लाल भट्ट ने ध्वजारोहण किया। रोटरी क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने रोटरी भवन मे तिरंगा झण्डा फहराया। एमकेवीएन ग्रुप आफ स्कूल्स, भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी सहित अन्य शैक्षिक संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मेजर सुदीप, कार्यवाहक एस.ओ.टू चेयरमैन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तथा राष्ट्रगान के साथ हुई। पूरे प्रांगण में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारे गूंज उठे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज द्वारी पैनो में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य दरवान सिंह पटवाल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए।

## 21 अगस्त से राजस्व पुलिस नहीं करेगी पुलिस कार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, उपनिरीक्षक, राजस्व सेवक संघ पौड़ी ने आगामी 21 अगस्त से पुलिस कार्यों का पूर्णत परित्याग करने का निर्णय लिया है।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष अतुल बलोदी, सचिव शिव सिंह रावत ने कहा है कि कोर्ट के आदेश के तहत बीते मई महीने तक राजस्व पुलिस क्षेत्रों को नियमित पुलिस को हस्तांतरित किया जाना था, लेकिन शासन द्वारा अभी तक इस ओर कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

जिसके चलते संघ ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजस्व पुलिस कार्यों का परित्याग करने का निर्णय लिया है। कहा कि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए जाने पर 21 अगस्त से संघ राजस्व पुलिस कार्यों का सदैव के लिए परित्याग किया जाएगा।

## कंपनी से रकम की डिमांड करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत एल्डिको कंपनी में अपने परिचितों को नौकरी पर रखवाने और कंपनी से रकम की डिमांड करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यक्ति रकम नहीं दिए जाने पर कंपनी के सदस्यों को झूठे मुकदमें में फंसाने की भी धमकी दे रहा था।

चार अगस्त को कंपनी की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें बताया कि स्वयं को भैरव सेना संगठन का पदाधिकारी बता रहा एक व्यक्ति बार-बार स्वयं को कंपनी प्रबंधक व अन्य लोगों पर अपने दो व्यक्तियों को फैक्ट्री में नौकरी देने का दबाव बना रहा है। यही नहीं, व्यक्ति उक्त कंपनी के ठेकेदार व कर्मचारियों को भी धमकी दे रहा है। साथ ही पैसों की डिमांड भी कर रहा है। व्यक्ति ने रकम नहीं देने पर कंपनी के ठेकेदार व अन्य कर्मियों को बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। साथ ही व्यक्ति इंटरनेट मीडिया पर भी फैक्ट्री की छवि को धूमिल कर रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि मामले में शिवम बिहार, मथुरावाला, नेहरू कालोनी देहरादून निवासी संदीप खत्री को गिरफ्तार किया गया है।

# कृष्ण व राधा की झांकी ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री सिद्धपीठ सुखरौ देवी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कृष्ण जन्म से पूर्व मंदिर में राधा-रानी की झांकी प्रस्तुत की गई। स्कूली बच्चों की ओर से दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान कृष्ण व राधा की झांकी देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर को बेहतर तरीके से सजाया गया था। रात करीब 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। जिसके बाद पूरा मंदिर परिसर कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर सुखरौ देवी मंदिर के समिति के अध्यक्ष राजाराम अण्थ्वाल, सचिव विजय ध्यानी, मोहन सिंह रावत, विपिन बड़थ्वाल, रविंद्र चौहान, मनोज द्विवेदी, अर्जुन सिंह भंडारी, सुरेश ठाकुर, मनमोहन डोबरियाल आदि मौजूद रहे।


देवी मंदिर में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी पर्व में प्रस्तुति देते कलाकार

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 14 अगस्त 1947 में विभाजन के नाम पर हुए नरसंहार में मारे गए लाखों नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर भारतीय इतिहास के काले दिन को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को असहनीय पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस घोषित कर जानबूझकर भुला दिए गए इतिहास को जीवंत करने का प्रयास किया है। कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया लेकिन कांग्रेस ने सत्ता के लालच में देश का बंटवारा कराया।

उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। कार्यक्रम में मात्र आठ वर्ष की आयु में अपने परिजनों के साथ विभाजन की त्रासदी को प्रत्यक्ष देखने, सहने वाले वरिष्ठ नागरिक जोधाराम भाटिया का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता उमेश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, सुखरो मण्डल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, जिला मंत्री विजयानंद पोखरियाल, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि सिंह पुंडीर, सुरेन्द्र आर्य, माहेश्वरी बिष्ट, निशा जुयाल, बबीता सिंह, अनिल चतुर्वेदी, राजेन्द्र जजेडी और राकेश मित्तल सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृष्ण-राधा व भारतीय सेना की झांकी ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गोविंदनगर स्थित गीता भवन मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिर में कृष्ण, राधा के साथ ही भारतीय सेना की मनमोहक झांकी बनाई गई थी। मंदिर में भगवान शिव की झांकी ने भी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मंदिर सुंदर फूल व लाइट से सजाया गया था। मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की दुष्टों का संहार करते हुए, राधा-रानी विग्रह, भगवान द्वारा शंख बजाते हुए व अर्जुन को ज्ञान देते हुए सहित विभिन्न झांकी बनाई गई थी। साथ मंदिर में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की झांकी भी बनाई गई थी। मंदिर परिसर में धर्म के साथ ही भारतीय सेना का पराक्रम भी देखने को मिल रहा था। मंदिर के पंड़ित राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी की झांकियों के साथ ही मंदिर में शिव तांडव की झांकी भी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कहा कि जन्माष्टमी पर महिलाओं व बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। छोटे-छोटे बच्चे कन्हैया के रूप में पहुंचे हुए थे। देर रात तक मंदिर में कार्यक्रम चलते रहे।


कोटद्वार के गीता मंदिर में सजाई गई झांकियां

## बदरीनाथ से लेकर गोपीनाथ मंदिर में जन्माष्टमी की धूम

चमोली : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम चमोली जिले में शनिवार को भी रही। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी तो शनिवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। बदरीनाथ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। कृष्ण भक्ति और बदरी विशाल के भजन गाए गए। इससे पहले शुक्रवार की रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का सुंदर डोला सजाया गया। रात्रि भर श्रीकृष्ण की वंदना की गई। गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दूसरे दिन भी दर्शन पूजन किया गया। मंदिर परिसर में सजे श्रीकृष्ण का डोल भव्यता से सजाया गया। कुनकली में राधा कृष्ण मंदिर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया स्कूलों में जन्माष्टमी पर कार्यक्रम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूलों में बच्चों में विशेष उत्साह और उमंग देखी गई। गोपेश्वर में पीस पब्लिक स्कूल, सुबोध प्रेम विद्या मंदिर, रामचंद्र भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर गोपेश्वर, सहित नगरों के स्कूलों में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चे श्री कृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा में अपने अपने स्कूलों में आये ।

## धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों पर स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा। कोरोना महामारी के बाद से इस वर्ष स्थानीय गोला पार्क में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। गोला पार्क में नगर निगम की महापौर आरती भंडारी ने ध्वजारोहण कर परेड़ की सलामी ली। नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गोला पार्क में मार्च पास्ट और आकर्षक झांकियां निकाली। स्कूली बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संस्कृति और सेना के बलिदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर आरती भंडारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे उन वीरों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर हमें आजादी दिलाई। कहा कि गोला बाजार में वर्षों बाद जो देशभक्ति का माहौल देखने को मिला, वह अविस्मरणीय है। कहा कि बच्चों की झांकियों और परेड में जो जोश और समर्पण दिखा, उसने यह सिद्ध कर दिया कि हमारा भविष्य जागरूक और देशभक्त है। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और पूर्व सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सन 1965 और 1971 की लड़ाइयों में वीरता का प्रदर्शन करने वाले प्रेम सिंह पटवाल और मुंशी राम उनियाल व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम देवल के गुमान सिंह, ग्राम कोटी के गजेन्द्र सिंह, ग्राम नयालगढ़ के आनंद सिंह, श्रीनगर कि सुशीला देवी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त नुपूर वर्मा, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, सफाई निरीक्षक शशि मोहन पंवार आदि पार्षद मौजूद रहे। (एजेंसी)

## परेड सीनियर वर्ग में सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में द मार्शल स्कूल और ऐजन हेवन स्कूल खंदुखाल क्रमशः अव्वल रहे। झांकी प्रतियोगिता में भी द मार्शल स्कूल ने प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। शेमफर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल और जूनियर दिल्ली स्कूल क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में रेनबो स्कूल प्रथम, राआइंका श्रीनगर द्वितीय और मास्टर माइंड स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में सेंट थेरेसास कान्वेंट ने प्रथम और राबाइंका श्रीनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वच्छता विषय पर कविता/गीत लेखन प्रतियोगिता में आरसी मेमोरियल स्कूल, उफल्डा के आदित्य कुमाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर की अक्षिता और तृतीय स्थान संस्कृत विद्यालय के सक्षम प्रसाद फोंदणी को मिला। एनसीसी वर्ग में राजकीय पॉलिटेक्निक श्रीनगर और एनएसएस वर्ग में राबाइंका श्रीनगर प्रथम स्थान पर रहे।

# जल्द हल्के वाहनों के लिए खुलेगा बुआखाल-रामनगर हाईवे

### बुआखाल हाईवे पर तेज गति से चल रहा बैली ब्रिज का निर्माण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विगत 6 अगस्त को बुआखाल-धुमाकोट-रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाबौ के पास कलगड़ी में टूटे पुल की जगह वैली ब्रिज का निर्माण तेज गति से चल रहा है। पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया है कि पुल पर एक दो दिन में हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी और इससे पाबौ से आगे बाधित चल रहा यातायात भी बहाल हो जाएगा।

1970 का यह पुल कलकड़ी गदेरे में आई बाढ़ की चपेट में आने से टूटा। इस पुल के टूट जाने से पाबौ से आगे थलीसैंण और धुमाकोट होते हुए कुमाऊ के रामनगर का सफर बाधित हो गया है। हालांकि अब बाईपास लिंक मार्गो का सहारा लेकर पाबौ से आगे के गांवों और छोटे बाजारों तक जाया जा रहा है। इससे करीब लोगों को 60 किलोमीटर की दूरी अधिक तय करनी पड़ रही है। पुल के टूटने से पैठाणी चाकीसैंण, त्रिपालीसैंण, भरसार जाने के लिए भी दिक्कतें सामने आ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पौड़ी जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर यहां हुए नुकसान का जायजा लिया था। सीएम ने सड़क, बिजली ,पानी सहित आवश्यक सेवाओं की बहाली के निर्देश दिए थे। लोनिवि एनएच के ईई अरुण कुमार के मुताबिक 45 मीटर लंबे इस पुल का करीब 80 फीसदी काम पूरा हो गया है। यहां करीब 25 मीटर सड़क भी टूट गई थी लिहाजा बैली ब्रिज की लंबाई अधिक बनाई गई है ताकि पुल से टूटी सड़का का हिस्सा भी दोनों तरफ से कवर हो जाए।

## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक सं0-210/ निवि0सू0 /2025–26 दि0 14 अगस्त 2025

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सतपुली के विभिन्न वार्डों में होने वाले निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रकाशन होने की तिथि से निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय नगर पंचायत सतपुली पौड़ी गढ़वाल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 02 सितम्बर 2025 को समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते हैं। सीलबंद निविदाएँ नगर पंचायत सतपुली कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 3 सितम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ही स्वीकार की जाएंगी, जो कि उसी दिन अपराहन 4:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की आगंगणन लागत (G.S.T सहित) | ई0एम0डी0 धनराशि | योजना/ मद ना नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड नं0 03 में पौड़ी रोड पर स्थित शौचालय की मरम्मत एवं सैनिटरी फिटिंग का कार्य। | रू0 3.20 लाख | रू0 9,600/- | राज्य वित्त | रू0 1500+18 प्रतिशत GST | 60 दिन |
| 2 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत चार्ड नम्बर-02 में सैन्टपॉल स्कूल रोड पर वायर मैश की चैन लिंक से चाहर दिवारी का निर्माण कार्य। | रू0 3.80 लाख | रू0 11,400/- | राज्य वित्त | रू0 1500+18 प्रतिशत GST | 45 दिन |
| 3 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड नम्बर-02 में दुधारखाल रोड पर यात्री शैड का निर्माण कार्य। | रू0 6.12 लाख | रू0 11,400/- | राज्य वित्त | रू0 2000+18 प्रतिशत GST | 45 दिन |

शर्तें- उपरोक्त निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति नगर पंचायत सतपुली के पास सुरक्षित रहेगा जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**
(1172/65)

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**


## आरआरबी परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ

मुरादाबाद, देहरादून और अलीगढ़ जं. पर आरआरबी परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 17.08.2025 से 09.09.2025 तक विशेष रेलगाड़ियाँ मेल/एक्सप्रेस सेवा के तौर पर संचालित की जायेंगी। इनका विवरण निम्नानुसार है:–

**04321/04322 बरेली-देहरादून-बरेली परीक्षा विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04321 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04322 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:00 | बरेली | 04:00 | -- |
| 18:18 | 18:20 | रामपुर जं. | 05:03 | 05:05 |
| 19:05 | 19:10 | मुरादाबाद जं. | 04:20 | 04:25 |
| 19:55 | 20:00 | अमरोहा | 03:10 | 03:12 |
| 20:50 | 21:00 | गजरौला | 02:40 | 02:42 |
| 21:30 | 21:35 | मण्डी धनौरा | 01:45 | 01:47 |
| 22:05 | 22:10 | चाँदपुर सियाऊ | 01:10 | 01:12 |
| 22:40 | 22:45 | हल्दौर | 00:45 | 00:47 |
| 23:45 | 23:50 | बिजनौर | 00:20 | 00:22 |
| 00:25 | 00:30 | बसी किरतपुर | 23:42 | 23:44 |
| 01:00 | 01:30 | मुअज़्ज़मपुर नारायण | 23:00 | 23:30 |
| 02:10 | 02:15 | लक्सर जं. | 22:25 | 22:30 |
| 02:45 | 02:50 | हरिद्वार | 21:25 | 21:30 |
| 03:10 | 03:12 | रायवाला जं. | 20:35 | 20:40 |
| 04:15 | -- | देहरादून | --- | 19:00 |

चलने के दिन: 04321 बरेली से दिनांक 17.08.2025, 18.08.2025, 19.08.2025, 20.08.2025, 21.08.2025, 27.08.2025, 28.08.2025, 31.08.2025, 01.09.2025, 02.09.2025, 03.09.2025, 07.09.2025, 08.09.2025 को और 04322 देहरादून से दिनांक 18.08.2025, 19.08.2025, 20.08.2025, 21.08.2025, 22.08.25, 28.08.2025, 29.08.2025, 01.09.2025, 02.09.2025, 03.09.2025, 04.09.2025, 08.09.2025, 09.09.2025 तक। स्थान: सामान्य

**04323/04324 बरेली-मुरादाबाद-बरेली एमइएमयू विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 05:30 | बरेली | 23:00 | -- |
| 06:04 | 06:06 | बशारतगंज | 21:03 | 21:05 |
| 06:32 | 06:34 | आँवला | 20:42 | 20:44 |
| 06:52 | 06:54 | करेंगी | 20:20 | 20:22 |
| 07:02 | 07:04 | दबतरा | 20:09 | 20:11 |
| 07:30 | 07:32 | आसफपुर | 19:51 | 19:53 |
| 07:45 | 07:47 | सिसरका | 19:41 | 19:43 |
| 08:40 | 09:05 | चन्दौसी जं. | 19:29 | 19:31 |
| 09:15 | 09:17 | गुमथल | 19:17 | 19:19 |
| 09:32 | 09:34 | जरगाँव | 19:00 | 19:02 |
| 09:50 | 09:52 | राजा का सहसपुर | 18:48 | 18:50 |
| 10:08 | 10:10 | कुन्दरकी | 18:20 | 18:22 |
| 10:28 | 10:30 | मछरिया | 18:00 | 18:02 |
| 11:30 | -- | मुरादाबाद | --- | 17:45 |

चलने के दिन: 04323 बरेली से और 04324 मुरादाबाद से दिनांक 17.08.2025 से 09.09.2025 तक। स्थान: सामान्य

उपरोक्त विशेष रेलगाड़ियों के संचालन के साथ–साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़कर उनकी यात्री वहन क्षमता में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**17.08.2025 से 09.09.2025 तक रेलगाड़ियों के कोचों में वृद्धि**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | कोचों में वृद्धि | स्थान/लोड वर्तमान | स्थान/लोड प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| 54463/64 ऋषिकेश–चन्दौसी–ऋषिकेश | 03 सामान्य | 10 | 13 |
| 54351/52/53/54 बरेली–अलीगढ़ जं.–बरेली | 02 सामान्य | 13 | 15 |
| 54383/82 नजीबाबाद जं.–गजरौला–नजीबाबाद जं. | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54391/92 गजरौला–अलीगढ़ जं.–गजरौला | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54395/96 नजीबाबाद जं.–मुरादाबाद–नजीबाबाद जं. | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54395/96 देहरादून–सहारनपुर–देहरादून | 02 सामान्य | 13 | 15 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2509/2025

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से शादी कर उसे घर से निकाला, मुकदमा

विकासनगर। सेलाकुई थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पहले विधवा महिला से शादी की। फिर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति के उसकी शादी का रिश्ता कराने वाली महिला के साथ पति के अवैध संबंध भी हैं। वह दहेज में कार की मांग कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के बाद पति, सास, ससुर, देवर व रिश्ता लेकर आई महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर दी है। बताया कि उसके पति की पीलिया से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसकी दूसरी शादी सूरज भदोला से 2024 में सेलाकुई स्थित शिव मंदिर में हुई थी। यह रिश्ता उनके पड़ोस में रहनी वाली अनिता भदोला के कहने पर हुआ। बताया कि उसके पति और अनिला भदोला एक ही मकान में अलग–अलग कमरे में रहते हैं। लेकिन शादी के बाद भी वह उसी महिला के कमरे में खाते और अपना सामान भी वहीं रखते। बताया कि शादी के बाद भी वह महिला उसके पति का साथ नहीं छोड़ रही है। बताया कि अब उसका पति बोल रहा है कि वह उस महिला का साथ नहीं छोड़ सकता है। वह उसे उस महिला के कमरे का काम करने के लिए दबाव डालने लगा। मना करने पर उससे हाथापाई की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के पति सूरज भदोला, रिश्ता करवाने वाली महिला अनिता भदोला, ससुर सतीश भदोला, सास शान्ति भदोला देवर व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुमशुदा छात्रा हरियाणा के जगाधरी से सकुशल बरामद

विकासनगर। घर से कॉलेज के लिए निकली लापता छात्रा को सेलाकुई पुलिस ने हरियाणा के जगाधरी से सकुशल बरामद कर लिया। छात्रा परिजनों को बिना बताए ही अपने परिचित से मिलने के लिए जगाधरी चली गई थी। सकुलश बरामदगी होने पर परिजनों से पुलिस का आभार प्रकट किया। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि गुरुवार को संपूर्णा नंद थपलियाल निवासी खैरी गेट अटकफार्म सेलाकुई को बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री घर से कॉलेज के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। बताया कि सूचना पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम सर्विलांस और अन्य माध्यम से छात्रा की तलाश कर उसे हरियाणा के जगाधरी से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक गुमशुदा ने पूछताछ पर बताया कि वह अपने किसी परिचित के घर जगाधरी चली गई थी। गुमशुदा के सकुशल वापस घर लौट आने पर परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया।

### विकासनगर में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

विकासनगर। पछुवादून और जौनसार बावर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। पूजा–अर्चना के साथ ही कान्हा को पालना झुलाने के लिए श्रद्धालु आतुर दिखाई दिए।

श्री कृष्ण की लीलाओं को दिखाने के लिए कई जगहों पर दही हांडी समारोह का आयोजन किया गया। रात 12 बजते ही मंदिरों में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयघोष गूंज उठा। इसके बाद सभी मंदिरों में विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। पछुवादून में जन्माष्टमी के खास रंग दिखाई दिए। सनातन धर्म मंदिर, गीता भवन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। दो दिन पहले से ही मंदिरों में उत्सव की तैयारी की गई थी। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिरों के खुलने और बंद होने का समय बढ़ा दिया गया।

### 6.94 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली सहसपुर पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 6.94 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी धर्मावाला विवेक राठी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस लगातार सुनसान जगहों, खाली पड़े प्लाटों में चेकिंग कर रही है। बताया कि अभियान के तहत चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को धर्मावाला से आसन पुल पर जाने वाले रास्ते पर पकड़ा।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर घंडियाल राजराजेश्वरी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता रही श्रद्धालुओं के आकर्षण केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी गढ़वाल के पट्टी मनियारस्यूं क्षेत्र के घंडियाल राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युवा संगठन समिति घंडियाल द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नयार घाटी म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा सुन्दर राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बच्चे, युवा, महिलाएं, बुर्जुग सभी ने ह्लजय कन्हैया लाल के भजनों के साथ भक्ति में झूमते नजर आए। भजन संध्या का शुभारंभ मुख्यातिथि नव निर्वाचित जिला पंचायत



सदस्य गढ़कोट श्रीमती सविता देवी, विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य गुठिंडा संजय डबराल मिंटू, क्षेत्र पंचायत सदस्य गढ़कोट श्रीमती कविता देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य घंडियाल श्रीमती अंजू देवी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विगत वर्षों की तरह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। वहीं नयार घाटी सतपुली म्यूजिकल ग्रुप के निर्देशक लोक गायक मनीष पंवार, लोक गायिका प्रीति कोहली, लोक गायक दीपक चौहान, लोक गायक दिनेश गुसाईं, लोक गायक सुरजीत पंवार ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। संगीत पर सुनील राणा, ढोलक पर दीपक कुमार, ऑक्टोपैड पर विजेंद्र रावत ने साथ दिया। इस दौरान दही हांडी फोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसे देखने भारी संख्या में दूर-दराज गांवों से लोग आये हुए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश चंद्र रावत ने की। इस अवसर पर युवा संगठन समिति घंडियाल के अध्यक्ष अजय मोहन नेगी, कोषाध्यक्ष संजय रावत, सचिव विकास कुमार, सांस्कृतिक सचिव सुरजीत पंवार, महिला संयोजिका नीतू लिंगवाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष श्रीमती गायत्री देवी पटवाल, समिति के संरक्षक दीनदयाल सिंह, रघुनाथ सिंह रावत, मीडिया संयोजक जगमोहन डांगी सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नव निर्वाचित ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने किया।

### जंगली जानवर फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

रुद्रप्रयाग : जनपद के जलई गांव में जंगली सूअर, लंगूर और बंदरों ने खेती को भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण जानवरों के आतंक से परेशान है और अब आंदोलन का भी मन बना रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही वन विभाग को ज्ञापन दिया जाएगा और इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे कलक्ट्रेट में धरना देंगे। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के जलई क्षेत्र में जंगली जानवर खेती को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदर और जंगली सूअर ने धान के साथ ही कई तरह की दाल और सब्जी की लहलहाती फसल को नुकसान पहुंचाया है। जलई महिला मंगल दल की अध्यक्ष उषा देवी, पुष्पा देवी एवं कीर्तन मंडली की अध्यक्ष सरिता देवी ने कहा कि बीते दो महीने से गांव की सभी महिलाओं ने खून-पसीना बहाकर फसल बोई। अब जब फसल पकने के लिए तैयार हो रही है तो जंगली सूअर और बंदरों ने फसल को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

# भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का भूगर्भीय सर्वेक्षण पूरा

### टीम जल्द सौंपेगी विस्तृत रिपोर्ट शासन, पौड़ी प्रशासन व आपदा प्रबन्धन विभाग को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी के आपदा ग्रस्त इलाकों का भूगर्भीय सर्वेक्षण टीम ने पूरा कर लिया है। इस टीम ने जिले के विभिन्न भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। टीम जिले में 12 अगस्त से सर्वेक्षण का काम कर रही थी। पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि भू-वैज्ञानिकों की टीम ने स्थलीय निरीक्षण पूरा कर लिया है। टीम जल्द ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर यहां भूगर्भीय सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए थे। बीती 6 अगस्त को जिले के तहसील पौड़ी सहित चौबट्टाखाल के सैंजी, बुरांशी, कलुण, कलगड़ी, कोटा, क्यार्द, रैदुल आदि में भारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हो गया था। जिस कारण लोगों के रिहायशी भवनों को भी खतरा बना हुआ है। वहीं कई सड़कें भी भूस्खलन की जद में है।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि इस टीम में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के तीन विशेषज्ञों की समिति बनाई गई थी। जिसमें उप निदेश-ाक डॉ. अमित गौरव, सहायक भू-वैज्ञानिक डॉ. केएस सजवाण और भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग से रुचि गोदियाल शामिल थी। समिति के डॉ. अमित गौरव ने बताया कि जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में अधिकतर नुकसान तीव्र ढ़ालान से लेकर जल स्त्रोत, नाले, गदेरों के पास वाले स्थानों, गैप वाली चट्टानों और मिट्टी की मोटी परत वाले इलाकों में हुई है। इन जगहों पर आवासीय भवन, कृषि भूमि व पहाड़ी ढालों को भारी नुकसान हुआ है।

# आज खेले जायेगें चतुर्थ हाईस्कूल हीरोज कप के सेमीफाइल मैच



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित स्वर्गीय सुनीत बिष्ट स्मृति चतुर्थ हाईस्कूल हीरोज कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जनता इंटर कॉलेज खेल मैदान में किया जा रहा है। जिसमे नगर की 16 टीमें प्रतिभाग कर रही है। रविवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच खेले जायेगें। सेमीफाइनल मैच बाल भारती बनाम एवीएन और एमकेवीएन बनाम आरसीडी के बीच खेले जायेगें। प्रथम चरण के मुकाबलों में स्कालर्स अकादमी, बाल भारती, आरसीडी, एमकेवीएन और कान्वेंट स्कूल ने जीत दर्ज की। शनिवार को खेले गये क्वाटर फाइनल मुकाबले में गत विजेता एवीएन ने कान्वेंट स्कूल को अभिनव सिंह के निर्णायक गोल से पराजित किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में एमकेवीएन ने एकांश के गोल से आरपी टेलीपारा को हराया। तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बाल भारती ने स्कालर्स के खिलाफ 2-1 से जीत दर्जकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम क्वार्टर फाइनल में आरसीडी ने जीआईसी कुम्भीचौड़ को 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कोटद्वार फुटबॉल संघ के कार्यवाहक सचीव फुटबॉल कोच महेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे से पहला सेमीफाइनल बाल भारती बनाम एवीएन और 12 बजे से दूसरा सेमीफाइनल एमकेवीएन बनाम आरसीडी के बीच खेला जायेगा।

# विश्व विद्यालय के खिलाफ एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विभिन्न मांगों को लेकर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) ने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि लगातार शिकायतों के बाद भी विश्व विद्यालय समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

शनिवार को विद्यार्थियों ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। कहा कि मूल्यांकन में हो रही गड़बड़ी के कारण विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। विश्व विद्यालय की ओर से उत्तर पुस्तिका की बेहतर तरीके से जांच नहीं की जाती। विश्व विद्यालय का आरटीआई पोर्टल भी काम नहीं कर रहा। जिससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि विश्व विद्यालय को जल्द से



जल्द आरटीआई पोर्टल का संचालन कर समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। प्रदर्शन के उपरांत विद्यार्थियों ने उपजिलाधिकारी सोहन सैनी के माध्यम से विश्व विद्यालय को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, पूर्व छात्रसंघ महासचिव शुभम सुयाल, मंदीप, मनीष आदि मौजूद रहे।

# जनपद रुद्रप्रयाग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद रुद्रप्रयाग में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व पूरे उत्साह, उल्लास और देश भक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें ह्लवंदे मातरम्ह्व, ह्लसारे जहाँ से अच्छाह्व जैसे गीतों की गूंज ने पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इन प्रस्तुतियों को उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

मुख्य कार्यक्रम जिला कार्यालय (कलेक्ट्रेट) परिसर में आयोजित हुआ, जहां जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने प्रातः 9:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान गूंज उठा और उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सलामी दी।



जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आजादी हमें सहजता से नहीं मिली, इसके लिए अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने विशेष रूप से चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए इस ऐतिहासिक आंदोलन की भूमिका और उसके देशव्यापी प्रभाव पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कहा कि आज का दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम एक सशक्त, स्वच्छ, शिक्षित और पर्यावरण-संवेदनशील भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जनपदवासियों से स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। यह सम्मान समारोह न केवल छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बना। समारोह में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ कोषाधिकारी चंद्र प्रकाश सती, जिला पूर्ति अधिकारी के एस कोहली, परियोजना प्रबंधक रीप पी.के भट्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विक्रम संवत 2082 भाद्रपद कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि दिन विद्या भारती से संबंध हेमन दास सरस्वती शिशु मंदिर जानकी नगर कोटद्वार विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने मां सरस्वती तथा श्री कृष्ण की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया।

उसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने शिशुओं ने विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सुनीता पंत के नेतृत्व में श्री कृष्ण से संबंधित मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिसमें छोटी छोटी गईया, कान्हा की बंसी बाजे, आदि गीतों से सुंदर प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के नन्हे मुन्ने शिशु श्रीकृष्ण, राधा, सुदामा, आदि रूपों में सुसज्जित थे। विद्यालय के अभिभावकों, मातृशक्ति



तथा विद्यालय में आए हुए अतिथि गणों ने श्री कृष्ण से संबंधित रूप सज्जा में सजे हुए शिशुओं की सुंदर प्रशंसा की। शिक्षक प्रयागदत्त चमोली ने श्री कृष्ण का वृतांत विस्तार से समझाया। शिक्षक मनोज जोशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने आए हुए सभी मातृशक्ति, अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रयागदत्त चमोली, योगेश नेगी, गीता रावत, श्रेया चौधरी, अंजू चमोला, दीक्षा, मुस्कान बिष्ट, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडे, आदि उपस्थित थे। संचालन अंचल कुमार अग्रवाल ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

नई टिहरी : जनपद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल छात्रों ने श्रीकृष्ण के जीवन वृत पर आधारित झांकी नई टिहरी नगर के भीतर मुख्या मार्गों से होते हुए निकाली। श्री नागराजा मंदिर में वृहत भजन संध्या का आयोजन बीती देर रात तक किया गया। जबकि सरस्वती शिशु मंदिर में सहकार भारती की प्रदेश मंत्री अवंतिका भंडारी ने छात्रों के बीच जाकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की महत्ता को बताया। जनपद टिहरी गढ़वाल के विभिन्न हिस्सों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे धूमधाम से मनाय गया। त्यौहार को लेकर बीती देर रात तक मंदिरों व मोहल्लों में श्रीकृष्ण के भजनों पर लोग नाचते रहे। ठीक रात को 12 बजे श्रीकृष्ण के जन्म की बेला पर पूजा-अर्चना के साथ श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। नई टिहरी नगर के भीतर स्कूली छात्रों ने श्रीकृष्ण के जीवन वृत पर झांकी निकालकर श्रीकृष्णमय माहौल रचित किया गया। श्री नागराजा मंदिर एफ ब्लाक नई टिहरी में भजन संध्या कार्यक्रम वृहत रूप से आयोजित किया गया। जिसमें लोकगायक रवि गुसाईं, ज्योति डोभाल, शालिनी, संदीप गोस्वामी ने श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित प्रस्तुत प्रस्तुत किया। भजनों न भक्तजन देर रात तक झुमते रहे।

### नंधौर नदी के कटाव से सहमे ग्रामीण

हल्द्वानी। नंधौर नदी के तेज कटाव से प्रभावित चोरगलिया क्षेत्र के गांवों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह ने शुक्रवार को सिंचाई, वन और राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग को नदी के चैनलाइजेशन और डायवर्जन कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि बस्तियों और खेतों को कटान से बचाया जा सके। निरीक्षण में कटान खानवाल, मुखानी खडकू, आमखेड़ा, डुबैलबीड़ा, शागुन प्लांटेशन एरिया और सुनारडडा बिहारी नगर जैसे प्रभावित इलाकों का जायजा लिया गया। ग्रामीणों ने शिकायत की कि नदी के बहाव में कई बड़े पेड़ बहकर जमा हो गए हैं, जिससे जलधारा गांव की ओर मुड़ रही है।

# व्यक्ति से मारपीट करने वाले युवकों को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : श्रीनगर में एक व्यक्ति से मारपीट कर अभद्रता करने वाले युवकों को श्रीनगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्ताशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एसएसपी पौड़ी ने गुंडागर्दी करने वाले युवकों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें तीन युवकों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट, गाली-गलौच और अभद्रता की जा रही थी। इस वीडियो का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने स्वतः संज्ञान लेकर गुंडागर्दी करने वाले युवकों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने हेतु



क्षेत्राधिकारी श्रीनगर को निर्देश दिये। क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए व्यक्ति से मारपीट कर अभद्रता करने वाले तीन युवकों मुकेश भट्ट, मनीष बिष्ट और नवीन भंडारी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार ने बताया कि मुकेश भट्ट निवासी ग्राम श्यामपुर, ऋषिकेश, मनीष निवासी फरसू डुंगरीपंथ, श्रीनगर, नवीन भंडारी निवासी कोटधार, चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके विरुद्ध कोतवाली श्रीनगर में आईपीसी की धारा 115(2),196, 299(अ), 351 (2), 352 बीएनएसएस पंजीकृत किया गया है। गिरफ्ताशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# चमोली में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी, विभिन्न स्थानों पर किया गया ध्वजारोहण

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जनपद के सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों और सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।चमोली में स्वतंत्रता दिवस के मौके विभिन्न स्थानों पर विद्यालयी छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयं सेवियों की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई। वहीं जिलाधिकारी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस जवानों की ओर से



गार्ड ऑफ आर्नर दिया गया। जिसके बाद जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि देश की आजादी लम्बे संघर्ष के बाद मिली है। जिसके बाद देश की प्रगति के लिए भी हर भारतवासी ने अपने स्तर पर प्रयास किया, जिसका परिणाम है कि आज भारत तकनीकी के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल हो सका है। उन्होंने कहा कि आज नई तकनीकों से कार्य कुशलता में सुधार हो रहा है। ऐसे में सभी को तकनीक के साथ स्वयं को जोड़ते हुए अपनी कार्य कुशलता को विकसित करते हुए देश के विकास में सहयोगी बनना होगा। कहा कि प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देश को तकनीकी से जोड़ने के लिए कर्मयोगी पोर्टल का शुभारंभ किया। जिसके माध्यम से सभी सुगमता से तकनीकी से जुड़कर नई जानकारियों को हासिल कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आए नन्हे बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की। इस मौके अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां, प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दूबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ स्थानीय निवासी भी मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर क्लेक्ट्रेट परिसर में छाया देश भक्ति का रंग

### — डीएम ने जनपद वासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए

देहरादून। देहरादून जनपद में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने क्लेक्ट्रेट परिसर में सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण कर जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। सभी विभागों, शिक्षण संस्थाओं, गैर सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुषों को नमन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि देश को बडे संघर्षो, प्रयत्नों और बलिदानों के बाद आजादी मिली है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान को याद कर हम सबको आजादी के महत्व को समझना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी एक अधिकार के साथ एक दायित्व भी है। सभी लोग पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ अपने–अपने दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करेंगे और भारत के नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभांए। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता को बनाए रखते हुए देश के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर काम करना होगा। विकसित राष्ट्रों की भांति हम सभी को देश के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। देश के अंतिम छोर पर खडे नागरिक तक सरकार की विकासपरक योजनाएं, मूलभूत सुविधाएं, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और सोशल सर्विसेज का सुगमता से लाभ पहुंचाना होगा।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com